तक की अवधि के दौरान, 115 मानार्थ कार्ड पास जारी किए गए थे, जिनमें पहला दर्जा वातानुकूल श्रेणी के 5, पहले दर्जे के 99 तथा दूसरे दर्जे के 11 मानार्थ कार्ड पास थे।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है जिसमें मानार्थ कार्ड पासों का ब्यौरा दिया गया है। (देखिए परिशिष्ट 159, अनुपत्र सं० 1)

(ग) सभी पास, वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार, रेल मंत्री के व्यक्तिगत अनुमोदन से जारी किए गए हैं।

*18.[*Transferred to the 16th Jully*, 1991].

सहकारी सामूहिक आवास समितियों को भूमि का आवंटन

*19. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) ने 1983 में पंजीकृत सहकारी सामूहिक आवास समितियों को दिल्ली में भूमि के आवंटन के प्रयोजनार्थ, दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास राशि जमा कराने का पिछले वर्ष निदेश दिया था;

(ख) यदि हां, तो कुल कितनी समितियों को राशि जमा करने का निदेश दिया गया था और उनसे दिल्ली विकास प्राधिकरण को कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है;

(ग) क्या इन समितियों को भूमि आवंटित कर दी गई हैं; यदि नहीं; तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) इन समितियों को भूमि का आवंटन कब तक कर दिए जाने की संभावना है?

शहरी विकास मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) जी, हां।

(ख) 1983 में पंजीकृत 403 सहकारी सामूहिक आवास समितियों में से, जिन्हें प्रत्येक को 5 लाख रुपये घरोहर राशि जमा कराने के निदेश दिये गये थे, 371 समितियों ने 18.50 करोड़ रु० की कुल राशि जमा की। इनमें से 216 समितियों को आवंटन एवं मांग पत्र जारी किये गये थे और उनसे भूमि की लागत का 50% जमा करने के लिये कहा गया था। ऐसी 194 समितियों से 43.56 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई थी।

(ग) और (घ) इन समितियों को भूमि के आवंटन पर उच्च न्यायालय द्वारा 10.5.91 को रोक लगा दी गई थी। उच्च न्यायालय के फ़ैसले को ध्यान में रखते हुये मामले की जांच की जा रही है।

मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन बिहार का नवीकरण

*20. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के नवीकरण के संबंध में कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उसके नवीकरण का कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के ढांचे में पहले ही व्यापक परिवर्तन किया जा रहा है। इस कार्य की अनुमानित लागत 173.62 लाख रुपये है।